दिनांक : 07.07.2024 समय : 07.10 pm

# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
# सांध्यकालीन समाचार

## मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री और केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री ने इंदौर में एक पेड़ मां के नाम अभियान में लिया हिस्सा।
- संपूर्णता अभियान के तहत प्रदेश में कार्यक्रमों का आयोजन जारी।
- गुजरात के सूरत में हुए हादसे में सीधी जिले के पांच लोगों की मृत्य।
- भगवान जगन्नाथ की विष्व प्रसिद्ध रथ यात्रा पूरी में हुई षुरू। प्रदेष में कई कार्यक्रमों का आयोजन।

## एक पेड़ मां के नाम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज इंदौर के बीएसएफ रेंज क्षेत्र में वृह्द पौध–रोपण कार्यक्रम में अपनी माताजी की स्मृति में पौध–रोपण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा आदिकाल से इंदौर और उज्जैन का पर्यावरण के महत्व में विशेष संबंध रहा है। मां क्षिप्रा सहित 7 नदियों के उद्‌गम का स्थल इन्दौर है। देश एवं दुनिया में इंदौर की विशेष पहचान है। क्लीन सिटी के साथ अब ग्रीन सिटी में भी इंदौर अवश्य नम्बर वन बनेगा।

केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा प्रधानमंत्री ने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान का शुभारंभ किया। पूरे देश में 140 करोड़ पौधे लगाने का महा अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा इस वर्ष गर्मी का प्रचंड रूप 45 से 50 डिग्री तापमान के रूप में देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने कहा कि पूरी दुनिया में विकास और परियोजनाओं को पूरा करने के लिए मनुष्य ने कांक्रिट के शहर तो बसा दिए लेकिन धरती की हरियाली को नष्ट कर दिया। इसलिए देश में "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत प्रत्येक देशवासी से पौध–रोपण का आह्वान किया गया है। नगरीय निकाय एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि इंदौर के ग्रीन कवरेज को बढ़ाया जाएगा। इसके लिए 51 लाख पौधों का रोपण कर इनके संरक्षण के लिए भी विशेष प्रयास किये जाएंगे।

## संपूर्णता अभियान–खंडवा

आकांक्षी विकास खंड छैगांवमाखन में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन कल किया गया। मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, जनपद अध्यक्ष महेंद्र सावनेर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। सांसद श्री पाटील ने कहा कि नीति आयोग द्वारा चयनित विकासखण्ड में केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित पैरामीटर पर कार्य किया जाना है। साथ ही ग्राम पंचायतों में प्रत्येक व्यक्ति को जल संरक्षण के कार्य करना चाहिए। सम्पूर्णता अभियान के तहत स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान खंडवा के द्वारा जनपद पंचायत में संपूर्णता अभियान के अंतर्गत आरसेटी बाजार का भी आयोजन किया गया। इस दौरान श्री पाटील ने आरसेटी बाजार में उपस्थित प्रशिक्षण उत्पादों की सराहना की गई। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं से बैंक आफ इंडिया द्वारा दिए गए लोन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। जिले में अभियान के तहत जिला स्तरीय

कार्यशाला का आयोजन आई.टी.सी. मिशन सुनहरा कल एवं सीपा संस्था द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम समन्वयक हरेंद्र पांडे द्वारा कृषि क्षेत्र में किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण किया गया।

**संपूर्णता अभियान–छतरपुर**

छतरपुर जिले का आकांक्षी ब्लॉक बक्सवाहा में नीति आयोग के संपूर्णता अभियान 30 सितंबर तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने यहां उन्मुखीकरण बैठक का आयोजन किया, साथ ही हेल्थ कैंप, स्व सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिला कलेक्टर ने कहा कि संपूर्णता अभियान अंतर्गत 6 इंडीकेटर्स को संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में शत–प्रतिशत क्रियान्वयन कराना सुनिश्चित किया जाएगा। कलेक्टर ने बकस्वाहा में अल्ट्रासाउण्ड स्कैनिंग की सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होने सभी को बकस्वाहा में एकजुट होकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य सभी पैरामीटर पर अच्छा काम करने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा सभी अधिकारी कर्मचारी सकारात्मक दृष्टि से कार्य करें।

**हाईकोर्ट–जबलपुर**

जबलपुर हाईकोर्ट ने अग्निवीर भर्ती से जुड़े सेना के अधिकारियों को चयन प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरतने की बात कहते हुए चयनित अभ्यर्थियों को प्राप्त अंकों की जानकारी भी साझा करने के निर्देश दिए। न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक परीक्षा में प्राप्त अंक व्यक्तिगत जानकारी के अंतर्गत नहीं आते, लिहाजा प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने प्रतिस्पर्धियों के अंकों की जानकारी प्राप्त करने का पूरा अधिकार है। यह जानकारी देने के लिए हाई कोर्ट ने सेना के अधिकारियों को 15 दिन की मोहलत दी है। दरअसल, अग्निवीर भर्ती में शामिल होने वाले कुछ अभ्यर्थियों ने सूचना अधिकार के अंतर्गत सेना से चयनित अभ्यर्थियों को प्राप्त अंकों की जानकारी भी मांगी थी, जिसे न देते हुए सेना कार्यालय की ओर से सिर्फ जानकारी मांगने वाले अभ्यर्थियों और चयन प्रक्रिया की कट ऑफ ही उपलब्ध कराई गई। नतीजतन, अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट की शरण ली।

**सूरत हादसा**

गुजरात के सूरत में एक 6 मंजिला इमारत हादसे में 7 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में 5 मजदूर मध्य प्रदेश के सीधी जिले के हैं। यह मझौली थाना क्षेत्र के परासी और दियाडोल गांव के निवासी हैं, जो सूरत मजदूरी करने गए थे। हादसे में परासी गांव के दो सगे भाईयों की भी मौत हुई है। हादसे के बाद सीधी के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने सूरत सांसद मुकेश दलाल से बात की है। सभी शवों को सीधी पहुंचाने के लिए कहा है।

**भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा–प्रदेश**

भगवान जगन्नाथ, भगवान बालभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान सुदर्शन की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा आज ओडिशा के पुरी में शुरू हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी वार्षिक उत्सव में शामिल हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू होने पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज सुबह उज्जैन के जगदीश मंदिर में भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की मंगलकामनाएं की। उन्होंने रथ यात्रा की शुभकामनाएं भी दी। आज भोपाल में भी कई स्थानों पर रथयात्रा का आयोजन किया जा

रहा है। आगरमालवा जिले के कानड़ में भगवान जगन्नाथ की विधि विधान से पूजन अर्चना के बाद नगर में कल रथयात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रृद्धालु शामिल हुए। शाजापुर शहर के भावसार मोहल्ला स्थित मां हिंगलाज माता मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा में भक्त रथ को हाथों से खींचते हुए नगर के प्रमुख मार्गो से निकले। वही भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा डांसी रोड स्थित भगवान श्रीजगदीश मंदिर पहुंची और महाआरती की गई।

**भाजपा कार्यसमिति–भोपाल**

आज भोपाल में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेष कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेष में सर्वस्पर्षी बजट पेष किया गया है। डॉ. यादव ने कार्यकर्ताओं को लोकसभा की सभी सीट जीतने पर बधाई दी। बैठक को भाजपा प्रदेष अध्यक्ष वीडी ष्षर्मा ने भी संबोधित किया। इसमें एक हजार से ज्यादा पदाधिकारी और नेता शामिल है। प्रदेश प्रभारी और केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, के अलावा कई वरिष्ठ नेता भी बैठक में शामिल हैं।

**मौसम–बारिश–प्रदेश**

प्रदेश में साइक्लोनिक सर्कुलेशन और ट्रफ लाइन एक्टिव होने से कई जिलों में आंधी और तेज बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग ने ग्वालियर, भिंड, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि ग्वालियर–चंबल और प्रदेश के अन्य हिस्सों से दो ट्रफ लाइन गुजर रही है। जिस वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। उन्होंने बताया कि कई जिलों में 11 जुलाई तक ऑरेंज अलर्ट बना रहेगा।

**क्रिकेट**

भारत और जिम्बाब्वे के बीच दूसरा टी–20 क्रिकेट मैच आज हरारे में खेला जा रहा है। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट पर 234 रन बनाए हैं। अपना दूसरा मैच खेल रहे अभिषेक ष्षर्मा ने 47 गेंद पर 100 रन बनाए। वहीं ऋतुराज गायकवाड़ ने षानदान 77 रनों की नाबाद पारी खेली।

पांच मैचों की श्रृंखला में जिम्बाब्वे एक–शून्य से आगे है। मेजबान टीम ने कल भारत को पहले मुकाबले में 13 रन से हराया था।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल द्वारा आज कालापाठा स्थित जजेस कॉलोनी परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- शिवपुरी जिले में परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी के निर्देशन में जिले में संचालित स्कूल बसों का निरीक्षण अभियान शुरू किया गया है। इस दौरान चलाए जा रहे अभियान के तहत 13 बसों को चेक किया गया तथा दो बसों का 4 हजार का चालान भी किया गया।
- सीएम हेल्प लाईन में 50 दिनों से अधिक समय से लंबित शिकायतों का त्वरित निराकरण करने के उद्देष्य से आगरमालवा पुलिस विभाग द्वारा कल जिले के बड़ौद, नलखेड़ा, कानड़ व सोयतकला थानों में शिविर लगाकर शिकायतकर्ताओं को सुनकर उनका संतुष्टी पूर्वक निराकरण किया गया।

------------------